आर्डर शीट

आर्डर शीट

...रण संख्या.............. अनवान .... बनाम ....

न्यायालय अतिरिक्त संभागीय आयुक्त जोधपुर

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज **राजस्व अपील सं0 68 / 2018** अनवान ***सवाईराम व अन्य बनाम रावलराम वगैरा***	नम्बर व तारीख अहमकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
06.06.24	पत्रावली वकील अपीलांट्स के प्रार्थना पत्र वास्ते मिसल तलब कर उक्त प्रकरण का निस्तारण जरिये राजीनामा करने बाबत तलब की जाकर आज दिनांक को तारीख पेशी पर ली गई। वकील अपीलान्ट्स उपस्थित। अपीलांट सं0 2–भैराराम एवं रेस्पो0सं0 1–रावलराम स्वयं उपस्थित। इनकी पहचान वकील अपीलांट्स द्वारा की गई। रेस्पो0 सं0 7 से 9 के समन तामिल अथवा अदम तामिल अप्राप्त है। वकील अपीलान्ट ने आज दिनांक 06.06.24 को मिसल तलबी के प्रा0प0 के साथ प्रार्थना पत्र वास्ते अपील जरिये विड्रो निस्तारण करने बाबत प्रस्तुत किया, जिसकी प्रति रेस्पो0सं0 1 से 6 के अधिवक्ता को दी हुई है। इनके द्वारा कोई आपत्ति व्यक्त नही की गई। प्रस्तुत प्रा0प0 में मुख्यतः यह निवेदन किया कि अपीलांट्स एवं रेस्पोडेंटगण के मध्य ग्राम के मौजीज व्यक्तियों की उपस्थिति में लोक अदालत की भावना से राजीनामा हो गया है तथा अपीलांट्स उक्त अपील को आगे चलाना नही चाहते है और अपील में कोई अनुतोष नही चाहते है। अतः उक्त अपील आज ही तलब कर जरिये विड्रो खारीज फरमावे। अतः वकील अपीलांट द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर अपीलान्ट्स की उक्त अपील जरिये विड्रो खारीज की जाती है। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र शामिल पत्रावली किये जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम की जावे। अधीनस्थ न्यायालय का रेकर्ड निर्णय की सत्यप्रति के साथ लौटाया जावे। निर्णय आज दिनांक को खुले न्यायालय लिखाया जाकर, सुनाया गया। 06/06/24 (अजीत सिंह राजावत) अतिरिक्त संभागीय आयुक्त जोधपुर	भैराराम 6.6.24 रावलराम